कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3/2019/2339 लखनऊःदिनांक 20 जुलाई, 2019

यू0पी0 नीट यू0जी0–2019 की द्वितीय चक्र की ऑन लाईन कांउसिलिंग की समय सारणी

राजकीय/निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेंटल कालेजों/संस्थानों/विश्वविद्यालयों के स्नातक पाठ्यक्रमों (एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0) में प्रवेश हेतु यू0पी0 नीट यू0जी0 2019 की द्वितीय चक्र की ऑन लाईन कांउसिलिंग हेतु समय–सारणी निम्नवत् है:–

आन लाईन पंजीकरण की तिथि	दिनांक 22 जुलाई, 2019 (अपरान्ह 1:00 बजे से) दिनांक 24 जुलाई 2019 (अपरान्ह 1:00 बजे तक)
मेरिट लिस्ट जारी करने की सम्भावित तिथि	दिनांक 24 जुलाई 2019
अभ्यर्थियों के शैक्षिक/जाति/अन्य प्रमाण पत्रों का सत्यापन तथा धरोहर धनराशि जमा करने की तिथि	दिनांक 25 जुलाई, 2019 से दिनांक 28 जुलाई 2019 (प्रातः 9:00 बजे सायं 5:00 बजे तक)
कांउसिलिंग हेतु विकल्प (Choice filling) भरे जाने की तिथि	दिनांक 29 जुलाई, 2019 (अपरान्ह 5:00 बजे से) दिनांक 31 जुलाई, 2019
सीट आवंटन के परिणाम की घोषणा	दिनांक 02 अगस्त, 2019
आवंटन पत्र डाउनलोड किये जाने तथा प्रवेश लेने की तिथि	दिनांक 05 अगस्त, 2019 से 09 अगस्त अगस्त, 2019

- प्रथम चक्र की कांउसिलिंग में पंजीकृत अभ्यर्थियों को पुनः पंजीकरण (Registration) कराने की आवश्यकता नही है।
- प्रथम चक्र की कांउसिलिंग में पंजीकृत (Registered) ऐसे अभ्यर्थी जिनका पंजीकरण शुल्क (Registration Fee) नही जमा हो सका है, वह अपना पंजीकरण शुल्क जमा करके कांउसिलिंग प्रकिया मे प्रतिभाग कर सकते है।
- ऐसे अभ्यर्थी जो प्रथम चक्र की कांउसिलिंग में किन्ही करणों से अपना पंजीकरण नही करा पाये थे, वह द्वितीय चक्र की कांउसिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु पंजीकरण शुल्क रू0 2000/– (रू0 दो हजार मात्र) आनलाईन *डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिग* के माध्यम से जमा कराकर कांउसिलिंग में प्रतिभाग कर सकते है।
- ऐसे अभ्यर्थी जिन्हे प्रथम चक्र की कांउसिलिंग से आवंटन प्राप्त हुआ था, किन्तु आवंटित कालेज में प्रवेश नही लिया है, वह पुनः सिक्योरिटी फीस का बैंक ड्राफ्ट Document Verification के नोडल सेंटर पर जमा करते हुये कांउसिलिंग में प्रतिभाग कर सकते है।
- ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने प्रथम चक्र की कांउसिलिंग में प्रतिभाग किया था, और उन्हे कोई भी सीट आवंटित नही हुयी है, द्वितीय चक्र की कांउसिलिंग मे भी प्रतिभाग नही करना चाहते है ऐसे अभ्यर्थी सिक्योरिटी धनराशि का डी0डी0 स्वयं द्वारा चयनित डाक्यूमेन्ट वैरिफिकेशन के सेन्टर से द्वितीय चक्र की कांउसिलिंग के उपरान्त प्राप्त कर सकेगें, की सूचना बाद में घोषित की जायेगी।
- ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा प्रथम चक्र की कांउसिलिंग में प्रतिभाग किये जाने हेतु डाक्यूमेन्ट वैरिफिकेशन के समय कोई भी डाक्यूमेन्ट अपूर्ण अथवा जमा नही करा सके है, ऐसे अभ्यर्थी संबधित नोडल सेंटर पर अपना डाक्यूमेन्ट जमा कराकर द्वितीय चक्र की कांउसिलिंग मे प्रतिभाग कर सकते है।
- नये पंजीकृत अभ्यर्थी राजकीय क्षेत्र की सीटों हेतु रू0 30,000/–, निजी क्षेत्र की मेडिकल सीटों हेतु रू0 2,00,000/– तथा निजी क्षेत्र की डेंटल सीटों हेतु रू0 1,00,000/–की सिक्योरिटी धनराशि (Security fee) का **सी0टी0एस0 बैंक ड्राफ्ट जो "महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण, उ0प्र0"(Director General Medical Education & Training, U.P. Payable at Lucknow)** के पक्ष में देय होगा, स्वयं द्वारा चुने गये Document Verification के नोडल सेन्टर पर जमा करने के उपरान्त ही द्वितीय चक्र की कांउसिलिंग में प्रतिभाग कर सकेगें।
- ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने प्रथम चक्र मे निजी क्षेत्र की बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम की सीटों हेतु रू0 1,00,000/– का डी0डी0 जमा किया है तथा आवंटित सीट पर प्रवेश प्राप्त कर लिया है, तत्पश्चात् द्वितीय चक्र की कांउसिलिंग में निजी क्षेत्र के एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम की सीटों पर कांउसिलिंग में प्रतिभाग करना चाहते है, तो उन्हे रू0 1,00,000/– का अतिरिक्त डी0डी0 डाक्यूमेन्ट वैरिफिकेशन के नोडल पर जमा कराया जाना अनिवार्य होगा।
- महत्वपूर्ण सूचनायें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट ***https://upneet.gov.in & www.updgme.in*** पर देखी जा सकती है। अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु समय–समय पर उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

महानिदेशक